वर्ष-15, अंक-98
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

हमारी सर्वोत्तम संपदा ज्ञान से भरा मस्तिष्क नही बल्कि प्रेम से भरा हुआ ह्रदय है ...

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, शनिवार 13 जुलाई 2024

## पटना में मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतरे

### हादसे के बाद इस रूट की पांच ट्रेनें रद्द; कई के मार्ग बदले

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
दानापुर रेल मंडल के इस्लामपुर-फतुहा रेलखंड पर मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा शुक्रवार की देर रात दनियावां के पास हुई है। इस हादसे के कारण इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है। इस रूट पर चलने वाली पांच ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है जबकि कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है। परिचालन को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए रेलवे के कर्मी युद्धस्तर पर लगे हुए हैं। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया है कि करीब तीन बजे फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड के दनियावां स्टेश के पास मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। जिसके कारण इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हुआ है। परिचालन को बहाल करने के लिए दानापुर से दुर्घटना राहत यान दनियावां पहुंच गया है और रेलकर्मी जल्द से जल्द परिचालन को सामान्य कराने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस हादसे के कारण रेल यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। डेली पैसेंजर्स को तो खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। हादसे के बाद 03224 फतुहा-राजगीर पैसेंजर, 03395 इस्लामपुर-पटना पैसेंजर, 03237 हिलसा-फतुहा पैसेंजर, 03631 नटेसर-फतुहा पैसेंजर और 03272 पटना-इस्लामपुर पैसेंजर ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। वहीं इस्लामपुर-नई दिल्ली मगध एक्सप्रेस को इस्लामपुर-नटेसर-राजगीर-बख्तियारपुर-फतुहा के रास्ते जबकि नई दिल्ली- इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस का आंशिक समापन फतुहा में किया गया। वहीं इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ फतुहा से किया जाएगा। बता दें कि हादसे के बाद रेलवे के तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और हालात का जायजा लिया है। परिचालन को जल्द से जल्द सुचारू करने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है।



## बिहार: वज्रपात से पिछले 24 घंटे में 21 लोगों की मौत

### सीएम ने मुआवजे का किया ऐलान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
पटना, बिहार में वज्रपात की घटनाओं में मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले 24 घंटे में राज्य के 12 जिलों में बिजली गिरने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत हो गई है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। मधुबनी में 6 लोगों की मौत जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में बिहार के मधुबनी में 6, औरंगाबाद में 4, पटना में 2 और रोहतास,भोजपुर, जहानाबाद,सारण, कैमूर, गोपालगंज,लखीसराय, मधेपुरा, सुपौल में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। आपदा प्रबंधन के सुझावों का पालन करने की अपील मुख्यमंत्री ने अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह से सतर्कता बरतें और खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का पालन करें । इस साल फरवरी में बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा में पेश की गई नवीनतम बिहार आर्थिक सर्वेक्षण (2023-24) रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में 2022 में वज्रपात से 400 मौतें हुईं। वज्रपात से सबसे अधिक 46 मौतें गया में हुई। इसके बाद भोजपुर में 23, नवादा और बांका में 21-21, औरंगाबाद में 20 और नालंदा तथा कैमूर में 18-18 लोगों की जान गई।

## शादी समारोह में अंधाधुंध फायरिंग से हड़कंप

### गोली लगने से दो लोगों की मौत की खबर

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
इस वक्त की बड़ी खबर राजधानी पटना से आ रही है, जहां एक शादी समारोह के दौरान हुई तोबड़तोड़ फायरिंग में गोली लगने से दो लोगों की मौत की खबर है। बारात जमुई से दानापुर आई थी। जानकारी के मुताबिक, जमुई के मलयपुर थाना क्षेत्र के मलयपुर गांव निवासी टुन्नू सिंह के बेटे अमित कुमार सिंह उर्फ रोशन की बारात दानापुर आई थी। दानापुर स्थित रूद्र मैरिज हॉल में शादी संपन्न कराई जा रही थी, तभी सुबह तीन बजे गोली चली। फायरिंग की इस घटना में जमुई के रहने वाले दो लोगों को गोली लगी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतकों की पहचान जमुई के मलयपुर निवासी गोल्डन सिंह और श्रवण सिंह, जिनका मलयपुर में ससुराल है। बताया जा रहा है कि श्रवण सिंह के सिर में गोली लगी है जबकि गोल्डन सिंह के सीने पर गोली दागी गई है। कई राउंड गोली चलने की बात सामने आ रही है।



## प्रशांत किशोर की बातों से ग्रामीणों में आया जोश, बारिश में भींग-भींगकर 10 किलोमीटर तक पदयात्रा में चले लोग

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
*प्रशांत किशोर ने लालू-नीतीश पर किया तंज, बोले- बिहार में तो दो ही दल है, एक लालू जी का लालटेन और दूसरा मोदी जी का भाजपा, नीतीश जी का पता ही नहीं कि कब वे लालटेन पर लटकेंगे और कब कमल के फूल पर बैठ जाएंगे सहरसा- जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सहरसा के सोनबरसा ब्लॉक से पदयात्रा शुरू कर दी है। बारिश में भींग-भींगकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। प्रशांत किशोर की बातों और भाषणों से लोग इस कदर प्रभावित हैं कि बारिश में भींग-भींगकर पदयात्रा में उनके साथ कदम से कदम मिला रहे हैं। प्रशांत किशोर ने लालू-नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि लोग कहते हैं कि हमारे पास विकल्प ही नहीं है, हम किसको वोट दें बिहार में तो दो ही दल है, एक लालू जी का लालटेन और दूसरा मोदी जी का भाजपा। नीतीश जी का पता ही नहीं कि कब वे लालटेन पर लटकेंगे और कब कमल के फूल पर बैठ जाएंगे हमने ये संकल्प लिया है अगर भगवान ने हमें जो बुद्धि, ताकत दी है, लोग कहते हैं हम जिसका हाथ पकड़ लें, वो राजा हो जाता है। तो इस बार संकल्प लेकर आए हैं, किसी दल और नेता का नहीं, आपका हाथ पकड़े हैं। जैसे आप दही को मथकर मक्खन निकालते हैं, वैसे ही गांव-गांव घूमकर मथकर आपके बीच से ऐसे लोगों को निकालेंगे, जो आपके बच्चों के लिए बढ़िया पढ़ाई-रोजगार की व्यवस्था करे। प्रशांत किशोर ने कहा कि आपके पास पैसा-संसाधन नहीं है तो कोई बात नहीं है, आपको राजनीति की समझ नहीं है तो कोई बात नहीं है, आपके बाप-दादा राजनीति में नहीं है तो कोई बात नहीं है। बिहार में व्यवस्था बदलने के लिए, अपने बच्चों के तकदीर के लिए नया विकल्प बनाना है तो व्यवस्था, राजनीति की चिंता अपने भाई-बेटे प्रशांत किशोर पर छोड़िए। आप खड़े होईए, हम आपकी मदद में लगेंगे और समाज को जोड़कर नई व्यवस्था बनाइए। बता दें कि प्रशांत किशोर ने गुरुवार को बरैठ गांव के राम जानकी मंदिर मैदान में स्थानीय लोगों के साथ चर्चा की। उसके बाद तम्कुल्हा बरैठ भगवती स्थान होते हुए अमृता बरैठ में स्थानीय लोगों के साथ समस्याओं पर चर्चा की। फिर वे तिलाठी गोलमा पूर्वी पतरघाट होते हुए सखोरी गोलमा तक गए और यही रात्रि विश्राम किया।*

## ई-रिक्शा पर बिजली का तार गिरने से मां-बेटे की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम



**चन्दन कुमार चौबे | सिटी चीफ |** सुपौल, सुपौल में करंट लगने से दो की मौत हो गयी है। ई-रिक्शा पर बिजली का तार गिरने से मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के बभनगामा स्थित वार्ड नंबर 11 की है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि नागेंद्र यादव के घर के सामने ई रिक्शा लगी हुई थी जिस पर नागेंद्र यादव का 15 वर्षीय पुत्र अजय कुमार बैठा हुआ था। इसी दौरान बिजली का तार खंभे से टूटकर ई-रिक्शा पर गिर गया। जिसके कारण ई-रिक्शा पर बैठे 15 वर्षीय अजय कुमार करंट की चपेट में आ गया। अजय को बिजली का करंट लगता देख मां 35 वर्षीय अमृता देवी अपने बेटे को बचाने गई तो वो भी करंट के चपेट में आ गई। दोनों मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गयी। त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉ.बीएन पासवान ने बताया कि दोनों को परिजन मृत अवस्था में यहां लेकर आए हैं दोनों की मौत बिजली करंट लगने से हुई है। मृतक अजय कुमार और उसकी मां अमृता देवी के शरीर में बिजली करंट लगने से जख्म के निशान पाए गये हैं। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस भी अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर मां-बेटे की एक साथ मौत की ख़बर सुन अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। बेटे और पत्नी की मौत से पिता काफी सदमें में हैं।

## लोगों से ठगी करने वाली पंजाब की महिला इंडो-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

### नेपाल भागने के फिराक में थी शालिका

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
मोतिहारी, इमीग्रेशन क्लीयरेंस में फ्रॉड करने वाली पंजाब की महिला को पकड़ा गया है। जो पुलिस को चकमा देकर रक्सौल के रास्ते नेपाल भागने के फिराक में थी। गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेजा गया है। कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रक्सौल के रास्ते नेपाल भागने का प्रयास कर रही पंजाब की वांटेड महिला को रक्सौल के इमीग्रेशन ने पकड़ा है। बाद में महिला को आगे की कार्रवाई के लिए हरैया थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। रक्सौल के रास्ते बीरगंज जाने का प्रयास कर रही इस महिला को इमीग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान पकड़ा गया। इसकी पहचान शालीका वाधवा के रूप में की गई है जो पंजाब की मेन बाजार अबोहर फाजिल्का की निवासी है। इसकी पहचान हरकेश चंदर की बेटी के रूप में हुई है। महिला के ऊपर चंडीगढ़ थाना में 6 दिसंबर 23 को कांड संख्या 127/ 2023 दर्ज है। इस मामले में इसको इमीग्रेशन द्वारा गिरफ्तार किया गया है। महिला के ऊपर 420,506/120ब आईपीसी की धारा के अंतर्गत केस दर्ज है। हरैया थाना अध्यक्ष अंजन कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद पता चला है कि पंजाबी महिला के ऊपर इसके अलावा कई अन्य ठगी के कांड पंजाब में अलग-अलग स्थान में दर्ज है। यह महिला पुलिस की आंखों में धूल झोंककर एक से बढ़कर एक ठगी का कार्य करती रही, लेकिन अब यह पुलिस से ज्यादा दिनों तक बचने वाली नहीं थी। इसलिए नेपाल भागने की फिराक में लगी थी। वैसे पंजाब पुलिस को भी इसके नेपाल भाग जाने का अंदेशा बना हुआ था। पंजाब पुलिस के द्वारा इसी वजह से पहले पहले से ही इमिग्रेशन विभाग को नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी गयी थी। थाना अध्यक्ष अंजन कुमार ने उक्त महिला से पूछताछ कर इसको न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। न्यायालय में अनुरोध कर पंजाब पुलिस उसे अपने साथ पंजाब ले जा सकती है।



## उत्तरी बिहार में बाढ़ का बड़ा संकट

### कोसी, कमला, करेह बूढ़ी गंडक में पानी का कोहराम, पलायन करने लगा फरकिया क्षेत्रों से मवेशी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।**
नेपाल में हो रही जोरदार बारिश के कारण गंडक नदी का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है. नदी गोपालगंज में खतरे के निशान से 85 सेमी ऊपर बह रही है. गुरुवार की सुबह सात बजे वाल्मीकिनगर बराज से 1.80 लाख 600 क्यूसेक डिस्चार्ज रहा, जो शाम छह बजे 2.51 क्यूसेक हो गया है. गंडक नदी का जल स्तर के तेजी से बढ़ने के कारण तटबंधों पर जहां दबाव बढ़ने लगा है. शुक्रवार को गांवों में पानी और बढ़ने की आशंका है. वहीं निचले इलाके के 43 गांवों के 65 लाख की आबादी के सामन बाढ़ की त्रासदी शुरू होने के आसार है. पिछले छह दिनों से नदी में आयी बाढ़ से गांव पहले से ही घिरे हुए हैं. जिले के छह प्रखंडों के 43 गांवों बाढ़ से घिर गये थे. अभी पानी सड़कों से पूरी तरह से हटा भी नहीं था कि शुक्रवार को पानी और बढ़ेगा. गांवों का संपर्क शहर से कट गया है



### आसमान से बरसेगी आफत

## बिहार में मंडराया बाढ़ का खतरा, रेड अलर्ट जारी



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।** बिहार में मानसून इस कदर मेहरबान हो गया है कि नदियां उफान पर हैं और अब बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. इस बीच मौसम विभाग ने बिहार के लोगों के लिए अलर्ट जारी करते हुए गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई है. मौसम विभाग ने बिहार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है. बिहार में 11 जुलाई यानी कि गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी और अत्यंत भारी बारिश की संभवाना जताई गई है. इसके साथ ही 12 जुलाई को बिहार के अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है. बिहार में 1 जून से 10 जुलाई तक 238.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है. बिहार में 11 जुलाई के मौसम की बात करें तो पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में अधिकांश स्थानों पर वर्षा की संभावना है.पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, किशनगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण और शिवहर में रेड अलर्ट जारी करते हुए बताया गया है कि एक या दो स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है.